इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

04 जुलाई 2019

IPC/21/07

सूचना

सेमेस्टर III/V में छात्रावास में विलंब से आगमन

महाविद्यालय को उन छात्राओं से अभिवेदन प्राप्त हुए हैं जिन्होंने अपनी यात्रा योजना का उल्लेख करते हुए छात्रावास में विलंब से रिपोर्ट किया है। उन्हें यह स्मरण कराया जाता है कि 2018-19 (जिस वर्ष उन्होंने छात्रावास में प्रवेश लिया है) की छात्रावास विवरण-पुस्तिका के पृष्ठ सं. 7 पर स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि **"शैक्षणिक सत्र में छात्रावास में विलंब से आने वाली छात्राओं का कक्ष प्रतीक्षा सूची में आने वाली छात्रा को दिया जा सकता है।"** आगे, छात्राओं और माता-पिता ने प्रवेश के समय वचनबंध पर हस्ताक्षर किए हैं कि वे **"गृह/अन्य यात्राओं की योजना बनाते समय महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करेंगे।"**

उपर्युक्त को दृष्टि में रखते हुए, महाविद्यालय द्वारा अनुमत समय-सीमा के बाद आने वाली छात्राओं को छात्रावास में कक्ष उपलब्ध होने और पात्रता की अन्य शर्तें पूरी करने पर ही कक्ष आबंटित किया जाएगा।

प्राचार्या

प्रति : महाविद्यालय की वेबसाइट
सभी शिक्षक प्रभारी/विभागीय पोर्टल्स पर डिस्पले